Bareilly, Sunday,
1 June 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 06. MIDDLE

# तंबाकू से दूर रहने की ली शपथ



इंस्टीट्यूट ने टोबैको दिवस पर आयोजित शपथ प्रोग्राम

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY 31May):** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया. आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक कैंसर विशेषज्ञ प्रो. पियूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को खुद तंबाकू न खाने और किसी अन्य को भी इसे न खाने से रोकने की शपथ दिलाई. कहा कि तंबाकू से मुंह के कैंसर के साथ ही खाने की नली का कैंसर, पेशाब की नली का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, किडनी का कैंसर हो सकते हैं. बिना घबराए अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ और संस्थान में परामर्श लें. ओंकोलाजी विभाग के डा. हिमांशी खट्टर, डा. अनीश एके, डा. सोमदत्ता सिंघा, डा. श्रद्धा श्रीवास्तव, डा. निहारिका जसूजा, डा. नितिन मालवीय, डा. श्वेता सिंह ने नुक्कड़ नाटक के जरिये तंबाकू खाने से होने वाले दुष्परिणामों को बताया. विशेषज्ञ ने कहा रिसर्च सेंटर में 20 से ज्यादा वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ की अनुभवी टीम पिछले 18 वर्ष से कैंसर के मरीजों का इलाज कर रही है. 45 हजार से ज्यादा कैंसर के मरीजों को परामर्श दिया गया है. कैंसर विशेषज्ञ डा. प्राची भारद्वाज ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में जानकारी दी. मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह तंबाकू तो जानलेवा बताया. इस दौरान मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एमएस बुटोला, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. सीएम चतुर्वेदी, डा. अरविंद चौहान, डा. राशिका सचान व डॉ. अदादि श्रीनिवास नायडू रहे.